an>

Title: Need to introduce a new train from Bhavnagar in Gujarat to Hardiwar and Shridi.

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर) : अध्यक्ष महोदया, सबसे पहले मैं माननीय प्रधान मंत्री और माननीय रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहती हूं, क्योंकि उन्होंने हमारी सालों पुरानी डिमांड पालीताना, जो जैनियों का पवित्र तीर्थ धाम है, वहां से मुम्बई, यानी बांद्रा के लिए पिछले साल एक वीकली ट्रेन चला दी लेकिन एक ट्रेन एक बार जब पालीताना आ जाती है, वहां यार्ड की सुविधा नहीं है और उसकी वजह से वह भावनगर आ जाती है। वहां वह ट्रेन ऐसे ही यूज़लैस पांच दिन तक रुकी रहती है। हम देखते हैं कि हमारे शास्त्रों में भी हरिद्वार का बहुत ही महत्व है। हमारे सौराÂष्ट्र में से एक भी ट्रेन हरिद्वार तक नहीं जा रही है। हमारे भावनगर-बोटाद-अमरैली और आसपास के इलाकों से हजारों की संख्या में लोग पूरे साल भर हरिद्वार आते जाते रहते हैं। हमारा अहमदाबाद भी हमारी कैपिटल जैसा ही है। वहां भी हजारों लोग आते-जाते रहते हैं। एक भी इंटर सिटी ट्रेन हमारे भावनगर से अहमदाबाद तक के लिए नहीं है।

सूरत शहर भी डायमंड सिटी है। सूरत और भावनगर दोनों डायमंड सिटीज हैं और ये दोनों ट्विन सिटीज हैं। हम सालों से मांग कर रहे हैं कि भावनगर से सूरत तक के लिए भी एक ट्रेन डेली होनी चाहिए। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि इन तीनों ट्रेन्स को चलवाने की कृपा करें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. भारतीबेन डी.श्याल द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।